अग्निबाण
अग्निबाण

अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति का रंगारंग फाग उत्सव 8 को

● इन्दौर।

अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति द्वारा रंगारंग फाग उत्सव 8 मार्च को बायपास स्थित संपत पैलेस गार्डन में शाम 6 बजे से मनाया जाएगा।



आयोजन में ख्यात कलाकार वृंदावन की कलाकार वंदनाश्री एवं उनकी टीम के 32 कलाकार वृंदावन के रास बैंड की धुन पर प्रस्तुति देंगे। यह निर्णय समिति की बैठक में लिया गया। समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, संयोजक जगदीश बाबाश्री एवं गणेश गोयल ने बताया आयोजन में समाज के 120 से अधिक संगठनों के प्रतिनिधि और समाजजन शामिल होंगे। इसके लिए व्यवस्था समितियों का गठन किया गया। आयोजन में बैठक व साजसज्जा के लिए किशोर गोयल एवं संजय बांकड़ा, निमंत्रण व्यवस्था संतोष गोयल एवं रामएरन, मंच संचालन व्यवस्था गणेश गोयल, कुलभूषण मित्तल कुक्की एवं गोविंद सिंघल, भोजन व्यवस्था अरविन्द बागड़ी एवं राजेश बंसल को सौंपी गई। आयोजन की तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही है।